राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद्

Shala Darpan @राजस्थान

शिक्षा संकुल, ब्लॉक–5, जवाहर लाल नेहरू मार्ग,जयपुर–302017
दूरभाषः 0141–2700872, E-mail: shaladarpanjpr@gmail.com

क्रमांक : RCScE/SD/002 -01528-2576003/पत्रसर्कुलर   दिनांक :–यथा हस्ताक्षर

<u>अतिआवश्यक</u>

मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी
एवं पदेन जिला परियोजना समन्वयक
समसा, समस्त जिले।

विषय –शाला दर्पण के विद्यालय प्रोफाईल व इंफ्रास्ट्रक्चर मॉड्यूल में सूचनायें अपडेट करने बाबत।
प्रसंग –निदेशक, मा.शि. राजस्थान बीकानेर द्वारा जारी पत्र RajKaj Ref No.: 17201407 Dt. 25-08-2025

उपर्युक्त विषयान्तर्गत लेख है कि, शाला दर्पण के विद्यालय प्रोफाईल एवं विद्यालय इन्फ्रास्ट्रक्चर मॉड्यूल में विद्यालय परिसर, भवन की स्थिति, संसाधन विवरण, प्रयोगशाला/अन्य कक्ष, खेल मैदान, रंगाई–पुताई, कक्षों के उपयोग, शौचालय, बिजली, पेयजल, इन्टरनेट, सम्पर्क विवरण, विद्यालय श्रेणी, विद्यालय प्रकार, आई.सी.टी. फेज इत्यादि से सम्बन्धित सूचना भरवाई गई है। विद्यालयों द्वारा दर्ज की गई उक्त सभी सूचनाओं के आधार पर ही विभागिय योजनायें तैयार कर उनकी क्रियान्विति सुनिश्चित की जा रही है, साथ ही इससे लोकसभा, विधानसभा एवं सूचना का अधिकार अधिनियम आदि के द्वारा चाही जाने वाली सूचनायें भी उपलब्ध करवाई जाती है जिनका पूर्णतः प्रमाणिक एवं अद्यतन होना नितान्त आवश्यक है देरी से अद्यतन की गई सूचनाओं का कोई औचित्य नही रह जाता है।

इसी क्रम में निदेशालय के प्रासंगिक पत्र द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार विगत सत्र 2025–26 में विद्यालय इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रपत्र में दर्ज सूचनाओं का भौतिक सत्यापन कर इसे लॉक एवं वेरिफाई करवाया गया था। चूंकि वर्तमान में नवीन सत्र आरम्भ हो गया है। इंफ्रास्ट्रक्चर मॉड्यूल में परिसर एवं मंजिल सूचना के अनलॉक की सुविधा ADPC कार्यालय के लॉगिन पर एवं इनके अतिरिक्त अन्य सूचनायें अनलॉक की सुविधा CBEO कार्यालय के लॉगिन पर उपलब्ध है। अतः शाला दर्पण पोर्टल पर विद्यालय प्रोफाईल, इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रपत्र में दर्ज सभी सूचनाओं की जांच कर उन्हे अद्यतन (Update) रखने की सुनिश्चितता करायें।

इसके अभाव में गलत सूचनाओं का सम्प्रेषण होता है तो संबधित संस्थाप्रधान की जिम्मेदारी तय की जायेगी।

(डॉ. रश्मि शर्मा)
राज्य परियोजना निदेशक

क्रमांक : RCScE/SD/002 -01528-2576003/पत्रसर्कुलर   दिनांक :–यथा हस्ताक्षर

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ प्रेषित है –

1. निजी सचिव, अतिरिक्त मुख्य सचिव, स्कूल शिक्षा एवं भाषा विभाग, जयपुर।
2. निजी सचिव, निदेशक माध्यमिक/प्रारंभिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर।
3. सहायक निदेशक, शाला दर्पण प्रकोष्ठ–निदेशालय मा.शि. राजस्थान बीकानेर

प्रतिलिपि निम्न को प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करते हुए शतप्रतिशत अद्यतन हेतु प्रेषित है –

4. समस्त जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय) माध्यमिक/प्रारम्भिक ।
5. समस्त अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, समसा।
6. समस्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी
7. समस्त संस्था प्रधान/पीईईओ/यूसीईईओं राप्रावि/राउप्रावि/राउमावि/राबाउमावि
8. रक्षित प्रति।

Signature valid
Digitally signed by Rashmi Sharma
Designation : State Project Director
Date: 2026.04.23 10:32:58 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 21642216
eSign 1.0